Anandaram Dhekial Phookan College Library * Acc. No. Date * Nagaon : Assam

2026

HINDI

(Minor)

Paper : HIN4400604MN

(भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र)

(Set–A)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) भारतीय काव्यशास्त्र के प्रथम आचार्य कौन हैं?

(ख) प्लेटो के गुरु कौन थे?

(ग) 'ध्वन्यालोक' के रचयिता कौन हैं?

(घ) 'करुण' रस का स्थायी भाव क्या है?

(ङ) 'अनुकरण' के लिए यूनानी में कौन-सा शब्द प्रयुक्त होता है?

(च) 'द क्राइटेरियन' नामक पत्रिका के सम्पादक कौन थे?

(छ) प्रत्येक बार भिन्न अर्थ लिए शब्द की आवृत्तिवाला अलंकार क्या है?

(ज) 'कैथार्सिस' का क्या अर्थ है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(ख) प्लेटो विरचित दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(ग) 'विभाव' के कितने भेद हैं? बताइए।

(घ) अलंकार सम्प्रदाय के प्रतिष्ठापक आचार्य कौन थे? उनके किसी एक ग्रंथ का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) दो रसवादी आचार्यों का नामोल्लेख कीजिए।

(च) 'प्रतिभा' के दो भेद क्या-क्या हैं?

(छ) 'रीति' के दो भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

(ज) 'यथार्थवाद' का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(झ) 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) प्रतीकवाद का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) काव्य-प्रयोजन के संदर्भ में भरतमुनि के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) यमक **अथवा** उत्प्रेक्षा को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

(ग) रीति के तीनों भेदों का परिचय दीजिए।

(घ) 'अभिव्यंजनावाद' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) अरस्तू के विरेचन-सिद्धांत की मूलभूत बातों को स्पष्ट कीजिए।

(च) यथार्थवाद की विशेषताएँ लिखिए।

(छ) टी० एस० इलियट के निर्वैयक्तिकता सिद्धांतों में निहित प्रमुख बातों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ज) साधारणीकरण पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) काव्य लक्षण-संबंधी संस्कृत, हिन्दी अथवा अंग्रेजी के प्रमुख मतों का विवेचन कीजिए।

(ख) काव्य-प्रयोजन पर एक सारगर्भित लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ग) रस की परिभाषा देते हुए इसके स्वरूप पर विचार कीजिए।

(घ) प्लेटो की काव्यदृष्टि को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अरस्तू के अनुकरण-सिद्धांत की मूलभूत बातों पर आलोकपात कीजिए।

★★★